दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 03
अंकः-304
मुरादाबाद
25 February 2024
(Sunday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संत रविदास की चौखट पर तीसरी बार शीश नवाने वाले पहले PM बने मोदी, ग्रहण किया प्रसाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीरगोवर्धन स्थित संत रविदास का दर्शन किया। प्रधानमंत्री इसके पहले 2016 और 2019 में संत रविदास की जयंती पर सीर गोवर्धन आ चुके हैं। शुक्रवार को पीएम मोदी ने सबसे पहले संत रविदास की प्रतिमा के सामने शीश नवाया। फूल-माला अर्पित करने के बाद उन्होंने मंदिर की परिक्रमा की।

वाराणसी के सीरगोवर्धन स्थित संत रविदास की चौखट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार शीश नवाया। इसके साथ ही वह देश के पहले प्रधानमंत्री बन गए जो संत की जन्मस्थली पर तीन बार दर्शन के लिए पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री इसके पहले 2016 और 2019 में संत रविदास की जयंती पर सीर गोवर्धन आ चुके हैं। प्रधानमंत्री ने संत रविदास के मंदिर में दर्शन-पूजन के साथ ही गुरु चरणों का आशीर्वाद लिया। मंदिर में ही प्रधानमंत्री ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार को 11:20 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला संत रविदास जन्मस्थली मंदिर पहुंचा। प्रधानमंत्री के पहुंचते




ही मंदिर के आसपास के इलाके में रविदास शक्ति अमर रहे, जो बोले सो निर्भय, जय गुरुदेव धन गुरुदेव... का जयघोष गूंजने लगा। मंदिर ट्रस्ट के निरंजन चीमा, जोगेंद्र पाल, चमनलाल, डॉ. यशपाल और गगन राज ने उनका स्वागत किया।

### स्मृति चिह्न भेंट करके किया गया स्वागत

पीएम ने सबसे पहले संत रविदास की प्रतिमा के सामने शीश नवाया। फूल-माला अर्पित करने के बाद उन्होंने परिक्रमा की। कुछ देर मंदिर में बैठने के बाद पीएम मोदी ने हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने संत रविदास की 25 फीट की कांस्य प्रतिमा का लोकार्पण किया।

हाथ जोड़कर संत रविदास को प्रणाम किया और प्रतिमा की परिक्रमा की। सभास्थल के मंच पर मंदिर ट्रस्ट के सतपाल हीरा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सरोपा और स्मृति चिह्न भेंट करके स्वागत किया।

## रोपवे के गंडोला को दशाश्वमेध प्लाजा पर देख सकेंगे लोग, पीएम-सीएम ने की है सवारी



वाराणसी में रोपवे के जिस गंडोला में पीएम-सीएम बैठे, उसे दशाश्वमेध प्लाजा पर लोग देख सकेंगे। जबकि जल्द ही चार और गंडोला स्विटजरलैंड से आ जाएंगे। इसे शहर के अन्य स्थानों पर रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी दौरे के दौरान दुनिया के तीसरे पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे के गंडोला ( कार केबिन ) को काशीवासियों को समर्पित किया। यह गंडोला दशाश्वेध प्लाजा के पास रखा जाएगा, जिसे लोग देख सकेंगे। पीएम ने करखियांव की जनसभा से पहले गंडोला का अनावरण किया। उन्होंने काशी रोपवे का निरीक्षण करते समय वर्चुअल रियलिटी हेडसेट का उपयोग किया। लोकार्पित गंडोला में पीएम और सीएम बैठे भी हैं। जल्द ही चार और गंडोला स्विटजरलैंड से आ जाएंगे। इसे शहर के अन्य स्थानों पर रखा जाएगा। 29 टावर के सहारे चलेगा गंडोला- गंडोला 29 टावर के सहारे चलेगा। इसमें स्टील ट्यूबलर टावर की संख्या 24 और 3 लैटिस टावर होंगे। स्टेशन में 2 इंटीग्रेटेड टावर होंगे। लगभग 35 से 45 मीटर की ऊंचाई से 150 गंडोला चलेगा। यह देश का पहला व दुनिया की तीसरा अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे है। इसका ट्रायल रन मार्च तक होगा। 16 मिनट में तय होगी 3.85 किलोमीटर की दूरी- रोपवे की योजना 807 करोड़ रुपये की है। इसमें वाराणसी कैंट स्टेशन से शुरू होकर गोदौलिया चौराहे तक कुल पांच स्टेशन बनाए जा रहे हैं। कैंट रेलवे स्टेशन, काशी विद्यापीठ, रथयात्रा, गिरजाघर और गोदौलिया चौराहे पर स्टेशन बनाया जाएगा। रोपवे की कुल दूरी 3.85 किलोमीटर है। यह दूरी करीब 16 मिनट में तय होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ऐसी डिग्री का क्या फायदा: सुसाइड से पहले जला दीं डिग्रियां, लिखा- अब और जीना नहीं चाहता

कन्नौज में छात्र की आत्महत्या के मामले में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ये एक बेहद दुखद खबर है कि बेरोजगारी की त्रासदी से निराश होकर कन्नौज में एक युवा बृजेश पाल ने फांसी लगाकर जान दे दी और और ऐसा करने से पहले उसने अपनी सारी डिग्रियां जला डाली। जीवन देना कोई समाधान नहीं होता, संघर्ष ही समाधान का रास्ता निकालता है। भाजपा सरकार में नौकरी की उम्मीद बेमानी है। जो भाजपा अपनी सरकार बनाने के लिए हर हथकंडा अपनाती है, वो नौकरी देने के नाम पर क्यों मुकर जाती है। दरअसल, कन्नौज के रहने वाले छात्र ब्रजेश ने सुसाइड नोट लिखने के बाद अपने सारे शैक्षिक प्रमाण पत्र जला दिए। इसके बाद कमरे में बहन के दुपट्टे को फंदा बनाकर जान दे दी। सुबह मां ने चाय पीने के लिए आवाज दी। कोई जवाब नहीं मिलने पर वह कमरे में गई। सामने बेटे को फंदे पर लटकता देखकर उनके होश उड़ गए। शोर मचाते हुए बेहोश हो गई।

## साक्षी महाराज बोले- राहुल गांधी को इलाज की जरूरत, मायावती को बताया आयरन लेडी

साक्षी महाराज ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राहुल का भगवान ही मालिक है। वह कब क्या कह दें, पता नहीं। उन्नाव जिले में बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने मायावती को आयरन लेडी बताया है। उन्होंने कहा कि अन्य दलों के नेताओं में मायावती ही ऐसी हैं, जो अपने सिद्धांतों पर अपने समाज के लोगों के लिए एकजुटता से खड़ी हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए वाराणसी की सड़कों पर नशे में दिखते युवा वाले बयान पर पलटवार करता हुए सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि राहुल गांधी को इलाज की आवश्यकता है। वह मोदी के खौफ के आगे मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। इसी वजह से उल जलूल बातें करते हैं। सांसद ने आगे कहा कि



ऐसी अभद्र भाषा किसी भी पार्टी के किसी भी नेता को शोभा नहीं देती। भाषा में शालीनता होनी चाहिए, लेकिन राहुल गांधी ने शालीनता को समाप्त कर दिया है। उनका भगवान ही मालिक है। वह कब क्या कह दें, क्या पत्रकार को कह देंगे..पता नहीं। 2024 के चुनाव में कांग्रेस को जवाब देगी जनता- यही नहीं, क्या युवाओं को कह देंगे...कब आलू से सोना निकाल देंगे कोई भरोस नहीं, भगवान शिव उनको सद्बुद्धि प्रदान करें। 60 साल तक सत्ता में रहने के बाद जैसे बिना पानी के मछली तड़पती है। वैसा ही हाल कांग्रेस का हो गया है। जनता है सब जानती है 2024 के चुनाव में कांग्रेस को जवाब देगी।

## पेपर लीक होने के बाद यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द, योगी सरकार का बड़ा फैसला

पेपर लीक के आरोपों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं की मेहनत और परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त करते हुए अगले 06 माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए




शनिवार को मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृह विभाग ने परीक्षा निरस्त करने का आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक 17 व 18 फरवरी, 2024 को सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में प्राप्त तथ्यों एवं सूचनाओं के परीक्षण के आधार पर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के दृष्टिगत इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।शासन ने भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए है कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराये जाने का निर्णय लिया है, दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई किये जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह के अन्दर पूर्ण शुचिता के साथ पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सेवा से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया साइट पर कहा कि आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर चयन के लिए आयोजित परीक्षा-2023 को निरस्त करने तथा आगामी छह माह के भीतर ही पुन: परीक्षा कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। युवाओं की मेहनत के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।इससे पहले उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती के लिए 18 फरवरी को आयोजित परीक्षा के दौरान कृष्णानगर स्थित एक स्कूल में परीक्षार्थी सत्य अमन कुमार के पास मिली सवालों के जवाब की पर्ची से पेपर लीक होने की आशंका जताई जा गई थी। एफआईआर दर्ज कराने वाले इंस्पेक्टर ने भी तहरीर में सुनियोजित तरीके से पेपर लीक होने की बात लिखी थी। वहीं, परीक्षार्थी को सवालों के जवाब व्हाट्सएप पर भेजने वाले आरोपी नीरज को अब तक पुलिस नहीं पकड़ सकी है। आरोपी नीरज को प्रश्नों की जानकारी कहां से मिली, यह अहम सवाल अभी तक अनसुलझा है। शुक्रवार को समाजवादी छात्र सभा ने आगरा कलक्ट्रेट में जोरदार प्रर्दशन किया था। परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा था। परीक्षा को रद्द करने के बाद प्रयागराज, लखनऊ और आगरा जैसे शहरों में छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने बड़ी संख्या में नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे थे।

## अखिलेश बोले- परीक्षा निरस्त होना युवाओं की जीत, अफसर-अपराधी मिले हुए हैं

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द होना युवाओं की जीत है। सरकार ने चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए यह निर्णय लिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार है। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी



लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच अब सब समझने लगे हैं। दिखावे के लिए नौकरियां निकालना, अरबों रुपये की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना फिर निरस्त करने का नाटक करना ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महंगा पड़ेगा। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि युवा कह रहे हैं कि फीस के नाम पर जो पैसा लिया गया है कहीं वो भाजपा का चुनावी फंड न बन जाए, इसीलिए अभ्यर्थियों का फार्म जमा रहे लेकिन भाजपा सरकार फीस का पैसा अभी लौटाए और जब कभी दुबारा परीक्षा हो तो ऑन लाइन डिजिटल पेमेंट से तुरंत फिर से फीस ले ले।

## संपादकीय Editorial

# Apart from Ram Mandir

Prime Minister Modi gave comparative explanations of Shri Ram in Ayodhya that Ram is not fire but energy. Ram is not a dispute, he is a solution. Ram is not present but eternal. Ram's life-consecration is the new origin of Kalachakra. After many such comparisons, the Prime Minister also asked the question that Ram temple has been built, what next? He also replied that consciousness has to be spread from Ram to the nation. 'Expansion of consciousness' is a very broad and preachy statement. Those who have been terming Ram Temple as 'communal', will consider only Mathura and Kashi in the future campaigns. The disputes regarding Shri Krishna Janmabhoomi and Gyanvapi are in the courts. They should be allowed to remain pending before the courts. The historic decision given by the five-judge bench of the Supreme Court on the Ayodhya dispute, due to which the deity could be consecrated in the Ram temple, can now be a base point for the lower courts. The Supreme Court has for now abandoned the interpretation of the law made by Parliament in 1991 regarding the status quo of places of worship in the context of ancient places of worship. However, the Prime Minister has not only decided on Mathura and Kashi for the future campaigns, but he also wants to move forward with goals like Ram Temple in development, infrastructure, public welfare and technology.

He realized that the election strategy of Ram temple alone is not enough, hence after returning from Ayodhya to Delhi, he announced a plan to install solar energy system on the rooftops of one crore houses. Ayodhya has been transformed. Work on the remaining schemes is continuing. A new, developed railway station in the form of an international airport and junction in Ayodhya, widening of roads and highways and the construction process of more than 50 world-class hotels are the new faces of the new Ayodhya. Projects worth about Rs 50,000 crore are under construction. Industrial organizations estimate that very soon there will be a business worth Rs 1 lakh crore in Ayodhya. It is also clear from the Prime Minister's recent addresses that this time his focus in the general elections will also be on South India. He wants to perform better there, hence during the 11-day arduous ritual for the consecration of the Ram temple, the Prime Minister visited the Ram temples of Andhra Pradesh, Tamil Nadu and Kerala.

Performed puja as per their rituals and also listened to the recitation of 'Ramayana' in their languages. Earlier, the Prime Minister also laid the foundation stone and inaugurated projects worth thousands of crores of rupees for the states of South India. BJP's electoral achievements in these states of South India have been 'zero'. Not even a single BJP MP from Kerala, Tamil Nadu and Andhra has been elected to the Parliament. The question is whether and to what extent the Prime Minister's strategy based on Ram Temple can give electoral dividends to the BJP? Of course Ram Mandir validates 'Modi's guarantee'. Although the foundation was laid by the Constitution Bench, had administrative and other arrangements not been made, the celebrations at Ayodhya would not have been so large and diverse. The Ayodhya ceremony was sponsored by BJP-Sangh. Now a new type of 'cultural nationalism' will start from here.

# Karpoori Thakur was a true public leader, our model of governance is inspired by his vision.

Jannayak Karpoori Thakur is known for his efforts to build a society where there is equitable distribution of resources among all people. Inspired by his vision, we have implemented an effective governance model. Today he would definitely be proud of the achievement of bringing 25 crore people of India out of poverty. The personality of many people has an influence on our lives. It is natural for the words of the people we meet and those we keep in touch to have an impact on. But there are some people who you get impressed by just hearing about them. Jannayak Karpoori Thakur has been like this for me. Today is the 100th birth anniversary of Karpoori Babu. I never got the opportunity to meet Karpoori ji, but I have heard a lot about him from Kailashpati Mishra ji, who worked very closely with him. The efforts made by Karpuri Babu for social justice brought a big change in the lives of crores of people. He belonged to the barber community, i.e. the most backward class of the society. Jannayak Karpoori Thakur ji's entire life was dedicated to simplicity and social justice. He used to insist that not even a single penny of government money should be used in any of his personal work. A similar incident happened in Bihar during his tenure as Chief Minister. It was then decided to build a colony for the leaders of the state, but they did not take any land for themselves. Whenever he was asked why he was not taking the land, he would just fold his hands politely. When he died in 1988, many leaders visited his village to pay homage. Seeing the condition of Karpoori ji's house, tears welled up in his eyes as he wondered how a person holding such a high position could have such a simple house. Another popular story of Karpoori Babu's simplicity is from 1977, when he became the Chief Minister of Bihar. At that time the Janata government was in power at the Center and Bihar. At that time, many leaders gathered in Patna for the birthday of Janata Party leader Loknayak Jaiprakash Narayan i.e. JP. The kurta of Chief Minister Karpoori Babu who was involved in it was torn. In such a situation, Chandrashekhar ji, in his unique style, appealed to the people to donate some money, so that Karpoori ji could buy a new kurta. But Karpoori ji was Karpoori ji. He accepted the money, but donated it to the Chief Minister's Relief Fund. His political career is known for his efforts to build a society where resources and opportunities are equally distributed among all people. When Congress was ruling everywhere, he decided to follow the anti-Congress line, because he realized that Congress had deviated from its basic principles. Karpoori Thakur ji's electoral journey began in the early 1950s and it was from here that he emerged as a powerful leader in the state House. He became a powerful voice for the struggle of the working class, laborers, small farmers and youth. Throughout his political career, he left no stone unturned in providing education to the poor. He was a great advocate of imparting education in local languages, so that people of villages and small towns also get good education. Democracy, debate and discussion were an integral part of Karpoori ji's personality. His dedication to democracy was visible during the Quit India Movement. He also strongly opposed the Emergency. Celebrities like JP, Dr. Lohia and Charan Singh ji were also greatly influenced by him. He had made a concrete action plan to empower the backward and deprived sections of the society. Under his leadership, policies were implemented that laid the strong foundation of an inclusive society where one's birth does not determine one's destiny. He worked not only for the backward classes but for all classes. Our government is continuously working taking inspiration from Jannayak Karpoori Thakur ji. This is also reflected in our policies and schemes, which have brought positive changes across the country. The biggest tragedy of Indian politics was that, except for a few leaders like Karpuri ji, the talk of social justice had become just a political slogan. Inspired by Karpoori ji's vision, we implemented it as an effective governance model. I can say with confidence and pride that today Jannayak Karpuri ji would definitely be proud of the achievement of bringing 25 crore people of India out of poverty. Among those who have come out of poverty, most of them are people from the backward sections of the society, who were deprived of basic facilities even after 70 years of independence. Today we are trying for saturation, so that 100 percent beneficiaries get the benefits of each scheme. Our efforts in this direction show the government's resolve towards social justice. Today, when people from OBC, SC and ST communities are becoming entrepreneurs through Mudra Loan, it is fulfilling the dreams of Karpoori Thakur ji of economic independence. Similarly, our government has expanded the scope of SC, ST and OBC reservation. We also got the opportunity to set up the OBC Commission (sadly, Congress had opposed it), which is working on the path shown by Karpoori ji. The PM-Vishwakarma scheme, launched some time ago, will also create new avenues of prosperity for crores of people of the OBC community in the country. As a person belonging to a backward class, I have learned a lot from the life of Jannayak Karpoori Thakur ji. . Karpoori Babu has had direct and indirect contribution in the lives of many people like me. I will always be grateful to him for this. Unfortunately, we lost him at the age of 64, when the country needed him the most. Even though he is not among us today, he is alive in the hearts and minds of crores of countrymen because of his works for public welfare. He was a true public leader.

# Half of the population: Still hesitant, initiative of society and government is necessary to change the thinking.

Even today, there is a tendency to avoid discussion on the subject of menstruation in the society, to change which both the government and the society will have to take initiative. We may have reached the 21st century, but due to the conservativeness of the society, some problems of women are still there today. are also made. One of these is the problem related to menopause. My childhood friend Sunita (fictitious name) got married a few years ago in a tier-2 city. Recently she told me that she had become very ill due to her conservative in-laws, from which she has not been able to recover till now. It is difficult to believe, but her in-laws including her husband did not support her regarding menstrual hygiene. She says that her husband never helped her except providing a few sanitary pads a month, due to which she had to struggle with infections for a long time. This story is not just of Sunita, but of all the women of the country, who continue to suffer due to the old thinking of the society and their hesitation. According to the report published by the Water Supply and Sanitation Cooperation Council, a woman of forty years menstruates for a maximum of five to six days every month, which is equivalent to about 3,000 days or about eight years. However, it has a direct impact on half the world's population and plays a decisive role in the human life cycle. Despite this, menstruation is still a topic that people do not like to discuss. However, in the last few years, better efforts have been made in this regard in the country. For the first time, the Central Government has made the topic of Menstrual Hygiene Management (MHM) a policy issue. Prime Minister Modi, in his Independence Day address from the Red Fort in the year 2020, talked about menstrual hygiene management. Access to water and sanitation is also recognized as human rights by the United Nations. Recently, a comprehensive research report on menstrual hygiene management has come out by Sulabh Sanitation Mission Foundation, which included a sample of 4,839 women and girls from 22 blocks and 84 villages comprising of different communities in remote areas of the country. This report has revealed that due to lack of water, soap, hygiene and no doors in school toilets, girls hesitate in using them during menstruation. For this reason, girls going through the menstrual cycle remain absent from schools for about 60 days in a year. Same is the condition of women working in private and government sectors. This study, which reflects community beliefs and taboos, covered 14 districts of seven states of the country - Assam, Bihar, Chhattisgarh, Haryana, Maharashtra, Odisha and Tamil Nadu. There is no doubt that blood flow during menstruation is absorbed. Girls' lack of access to sanitary products is a fundamental problem that governments and society need to ease. Governments and voluntary organizations should pay attention to this and make a big plan to provide sanitary pads to every home. Society will also have to become a partner in this. The easiest way to do this is to create an environment to openly talk about this with the daughters and women of their home. It would be better if the local bodies, on the lines of the public distribution system in every locality, provide food to every needy woman under the supervision of their councilors or councillors. Availability of sanitary napkins should be ensured free of cost. Then this effort will definitely show the way to the world and will prove to be fundamental and effective in the efforts related to women's menstrual hygiene. We have to understand that the issue of menstrual hygiene among girls and women is not limited to physical hygiene only, but it also talks about creating their comfort, pride, respect, self-confidence and demand related to it, so that women and girls To live with pride in the society without any shame and fear. However, in the last few years, better efforts have been made in this regard in the country. For the first time, the Central Government has made the topic of Menstrual Hygiene Management (MHM) a policy issue. Prime Minister Modi, in his Independence Day address from the Red Fort in the year 2020, talked about menstrual hygiene management. Access to water and sanitation is also recognized as human rights by the United Nations. Recently, a comprehensive research report on menstrual hygiene management has come out by Sulabh Sanitation Mission Foundation, which included a sample of 4,839 women and girls from 22 blocks and 84 villages comprising of different communities in remote areas of the country. This report has revealed that due to lack of water, soap, hygiene and no doors in school toilets, girls hesitate in using them during menstruation. For this reason, girls going through the menstrual cycle remain absent from schools for about 60 days in a year. Same is the condition of women working in private and government sectors. This study, which reflects community beliefs and taboos, covered 14 districts of seven states of the country - Assam, Bihar, Chhattisgarh, Haryana, Maharashtra, Odisha and Tamil Nadu. There is no doubt that blood flow during menstruation is absorbed. Girls' lack of access to sanitary products is a fundamental problem that governments and society need to ease. Governments and voluntary organizations should pay attention to this and make a big plan to provide sanitary pads to every home. Society will also have to become a partner in this. The easiest way to do this is to create an environment to openly talk about this with the daughters and women of their home. It would be better if the local bodies, on the lines of the public distribution system in every locality,

# केंद्र व राज्य सरकार पर हमलावर रहे राहुल-प्रियंका, मुरादाबाद में युवाओं से किया संवाद



मुरादाबाद मुरादाबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी केंद्र और राज्य सरकार पर हमलावर रहे। दोनों ने युवाओं को जुड़ने की कोशिश की। बेरोजगारी, पेपर लीक और महंगाई समेत अन्य मुद्दों को जनता के सामने रखा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी ने ससुराल वालो क्या हाल है पूछ दिल जोड़ने की कोशिश की। इसके बाद कहा कि आपसे दो साल बाद मुलाकात हो रही है। बीते इन वर्षों में यहां कुछ नहीं बदला। जब दो साल पहले जनसभा हुई तब विधानसभा चुनाव होने वाला था। तब आप लोगों ने योगी जी को जिताया। आपकी जो समस्याएं थी वह वैसी ही हैं। युवा सुबह-सुबह उठकर दौड़ लगाते हैं। परीक्षा की तैयारी करते हैं। ट्यूशन पढ़ते हैं। परीक्षा देते हैं और उन्हें पता चलता कि पेपर तो पहले ही लीक हो गया। युवाओं की पांच साल की मेहनत पर पल भर में पानी फेर दिया जाता है। पेपर लीक का सिलसिला लगातार जारी है। महंगाई से जनता बेहाल है। किसान सड़कों पर है, लेकिन सरकार जनता को गुमराह करने में लगी है। मुरादाबाद के जामा मस्जिद चौराहे से संभल चौराहे तक राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने के बाद प्रियंका गांधी ने खुली जीप में माइक हाथ में लिया और उन्होंने कहा ससुराल आकर खुश हूं। ससुराल वालों दो साल पहले यहां आई थी। याद है बड़ी मीटिंग हुई थी। मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि तब से आज तक कुछ बदला है। उस समय विधानसभा चुनाव थे। आपने ने भाजपा को जिताया योगी जी को जिताया। दो साल और उनको मौका मिला है। आपकी असली समस्या महंगाई और बेरोजगारी है।लाखों युवाओं ने यूपी पुलिस के सिपाही पद पर भर्ती होने के लिए इम्तिहान दिया है। इसका मतलब है कि यूपी के लगभग हर गांव में से चार या पांच नौजवानों ने परीक्षा दी थी। एक आशा थी कि कुछ मिल रहा है, लेकिन कुछ नहीं मिला। यहां पीतल के कारखाने हैं। बड़े-बड़े पीतल के कारोबार हैं। क्या आपकी तरक्की हुई। जितनी भी मदद आपको सरकार से मिली थी वो भी बंद हो गई है। ऊपर से जीएसटी भी आप पर लगा दिया गया। दो साल से किसान आंदोलन कर रहे हैं। उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस पार्टी के पास योजनाएं हैं।आप सब अपने ही अनुभव से इसको समझते हैं। आज आपके बीच आकर मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि जो भी वोट डालने जा रहे हैं, बड़ी-बड़ी बातों पर मत डालो जो ऊपरी दिखावा है। तुम्हारा जीवन है, तुम्हारा अनुभव है, उसे समझ ही वोट करें। सोचिए राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में चार किलोमीटर क्यों चले। इस देश को एक रखने के लिए, ताकि सब एकजुट हो जाओ। उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा में न्याय शब्द क्यों जोड़ा गया है। न्याय शब्द इसलिए जोड़ा है, क्योंकि आज यहां के नौजवानों के साथ अन्याय हो रहा है। आज देश की महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। किसानों के कर्ज माफ नहीं होते। बड़े-बड़े उद्योगपतियों के होते हैं। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सभी वर्गों को साधने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस देश में 50 प्रतिशत पिछड़े हैं, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं, 15 प्रतिशत दलित हैं और 8 प्रतिशत आदिवासी हैं। बावजूद इस 88 प्रतिशत जनता की भागीदारी कहीं नहीं है। तो फिर सबका हिंदुस्तान कैसे हुआ। राहुल गांधी ने कहा कि बड़े अस्पतालों, स्कूल-कॉलेजों, बड़ी कंपनियों के मालिकों की सूची में इनमें से किसी की हिस्सेदारी नहीं है। आप देखो कि देश के बड़े एयरपोर्ट किसके पास हैं, बड़े बंदरगाह किसके पास हैं।रोज यह सवाल पूछो कि 88 प्रतिशत जनता की भागीदारी कितनी है। मनरेगा की सूची निकालिए, वहां इस 88 प्रतिशत जनता का नाम मिलेगा। राहुल ने कहा कि यदि अपनी भागीदारी चाहते हो तो पहला कदम जाति जनगणना है।

इससे आपको पता चलेगा कि हम कहां हैं और कितनी संख्या में हैं। राहुल ने कहा कि मैं देश को जोड़ने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक चार हजार किलोमीटर चला। यात्रा के बीच से ही नारा निकला कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है।मेरा मकसद भाई को भाई से गले मिलाना है। याद रखिए देशभक्त देश को जोड़ते हैं, तोड़ते नहीं हैं। नफरत को नफरत से नहीं काटा जा सकता, यह मोहब्बत से कटती है। मैं जानता हूं कि आप सब के दिल में मोहब्बत भरी हुई है। आप सबसे कहो कि हम नफरत नहीं होने देंगे, मोहब्बत करेंगे।भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब दस सराय पुल से करूला की ओर बढ़ी तो कई बच्चे घरों की छत पर खड़े होकर राहुल की ओर हाथ हिलाकर इशारा कर रहे थे। राहुल ने बच्चों का अभिवादन स्वीकार किया और बच्चों को हाथ चूमकर स्नेह का इशारा किया। बच्चों ने अपने माता-पिता के मोबाइल में इस दृश्य को कैद कर लिया। इसके अलावा कुछ युवाओं की यूपीपी पेपर लीक लिखी तख्तियां अपने हाथों में लेकर प्रदर्शित कीं।राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सभी वर्गों को साधने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस देश में 50 प्रतिशत पिछड़े हैं, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं, 15 प्रतिशत दलित हैं और 8 प्रतिशत आदिवासी हैं। इसके बावजूद इस 88 प्रतिशत जनता की भागीदारी कहीं नहीं है। तो फिर सबका हिंदुस्तान कैसे हुआ। राहुल गांधी ने कहा कि बड़े अस्पतालों, स्कूल-कॉलेजों, बड़ी कंपनियों के मालिकों की सूची में इनमें से किसी की हिस्सेदारी नहीं है। आप देखो कि देश के बड़े एयरपोर्ट किसके पास हैं, बड़े बंदरगाह किसके पास हैं। रोज यह सवाल पूछो कि 88 प्रतिशत जनता की भागीदारी कितनी है। प्रियंका गांधी ने योगी सरकार के बुलडोजर पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि सरकार का बुलडोजर गरीबों के घर पर चलता है। छह किसानों को जीप के नीचे कुचलने, पेपर लीक घोटाला करने वालों के घरों पर बुलडोजर चला क्या। जिसने महिलाओं के साथ अत्याचार किया, उनके घरों पर बुलडोजर चला क्या। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा की बड़ी-बड़ी बातें दिखावे के लिए हैं।बड़े-बड़े इश्तेहार विकास की जो तस्वीर दिखाते हैं यह बस दिखावे के लिए है। जब तक महिलाएं सुरक्षित नहीं होंगी, परीक्षाओं के पेपर लीक होते रहेंगे, तब तक तरक्की नहीं हो सकती। महंगाई पर सरकार का घेराव करते हुए प्रियंका ने कहा कि बाजार जाते हो तो सब्जी खरीद पाते हो क्या...। पिछले सालों में गन्ने का दाम सिर्फ सात रुपये बढ़ा है, किसान को कुछ नहीं मिल रहा है। जो आम जनता बाजार से सब्जियां खरीदती है, वो महंगी होती जा रही हैं।





## चौराहे पर डेमो कर बताया कैसे ध्यान भटकाते हैं पीएम

संभल चौराहे पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने आयुष कौशिक नामक युवक को बुलाकर अपनी गाड़ी में बैठाया और डेमो कर ध्यान भटकाने का उदाहरण पेश किया। बताया कि प्रधानमंत्री जनता से कहते हैं कि भाइयों-बहनों इधर देखो, उधर देखो, ऊपर देखो, नीचे देखो। इस प्रकार जनता का ध्यान भटक जाता है।

इस बीच अदाणी और अंबानी पीछे से जेब काटते हैं। तीसरा व्यक्ति अमित शाह डंडा लेकर घूमते रहता है। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का डंडा आपके ऊपर पड़ता है। यह भाजपा का सिस्टम है। एक व्यक्ति बॉलीवुड की बात करता है। वहीं सर्जिकल स्ट्राइक की बात करता है। पीछे से अदाणी जेब काटकर चला जाता है।कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यहां एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक जाति को दूसरी जाति से और भाषा के नाम पर लड़ाया जाता है। देश का धन 24 घंटे लूटा जाता है। हिंदुस्तान के बड़े-बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर किसको दिए जाते हैं। हिमाचल का सेब और एयरपोर्ट किसके पास हैं। अग्नि योजना क्यों दी गई। क्योंकि 90 प्रतिशत वालों का रास्ता बंद करना था। सरकार ने सारे धन अदाणी को दिए। जनता को रोज सवाल पूछना है कि कितना धन 90 प्रतिशत के हाथ में है। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक चार हजार किमी की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान लोगों ने नारा दिया कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल ली है। जनता का सबसे पहला काम नफरत मिटाने का है। भाई से भाई को गले मिलाने का है। देशभक्त देश को जोड़ता है, तोड़ता नहीं। देश भक्त मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। नफरत के बाजार नहीं चलाते हैं। नफरत को नफरत से नहीं काटा जा सकता है। मोहब्बत दिखानी है, नफरत नहीं फैलने देना है।पश्चिमी यूपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत करने मुरादाबाद पहुंचे राहुल गांधी ने पीएम मोदी, अदाणी-अंबानी और अमित शाह पर निशाना साधा। कहा कि एक ध्यान भटकाता है, दूसरा जेब काटता है और तीसरा डंडा दिखाता है। भाजपा का यही सिस्टम है। देशभक्त देश को तोड़ने नहीं जोड़ने का काम करते हैं। शनिवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संभल चौराहे पर जनसभा को संबोधित किया।



## अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया

क्यूँ न लिखूँ सच
यूसुफ




मुरादाबाद - पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद श्री आशुतोष शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी मुरादाबाद के नेतृत्व में आज दिनांक 24.02.2024 को दो नफर अभियुक्त

1. शरद सैनी पुत्र ओमप्रकाश सैनी निवासी मछरिया जैतिया मन्दिर के पास थाना कटघर मुरादाबाद हाल पता म0न0 399 डी ब्लाक काशीराम कालौनी थाना मझौला मुरादाबाद उम्र-26 वर्ष
2- अरविन्द गौतम पुत्र परवेश कुमार निवासी छात्रावास चौराहा दुर्गा मन्दिर के पीछे मण्डी समिति थाना मझौला मुरादावाद उम्र 20 वर्ष को प्लेटफार्म न0 4/5 बरेली की तरफ अन्तिम छोर के पास सीमेंट की सीट से गिरफ्तार कर अभियुक्तो की जामा तलाशी दो अदद नाजायज चाकू व 9300/-रुपये नगद बरामद किये जो क्रमशः 5200/- रुपये नगद सम्बन्धित मु0अ0स0 13/24 धारा 380 भादवि एवं 4100/-रुपये नगद सम्बन्धित मु0अ0स0 30/24 धारा 380 भादवि बरामद हुए। एवं नाजायाज चाकूओ के सम्बन्द में मु0अ0स0 32/24 धारा 4/24 शस्त्र अधि0 पंजीकृत किया अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया




### क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# शरद पवार ने लॉन्च किया पार्टी का नया चुनाव चिह्न, नेता बोले- तुरुही विरोधियों में डर बढ़ाएगा

राकांपा शरदचंद्र पवार के नए चुनाव चिह्न पर पार्टी के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के नेता रोहित पवार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जनता शरद पवार को लेकर बहुत भावुक है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार को चुनाव आयोग ने नया चुनाव चिह्न दे दिया है। उन्हें तुरुही बजाता हुआ व्यक्ति चुनाव निशान आवंटित किया गया है। पार्टी ने आज अपना चुनाव चिह्न लॉन्च किया है। शरद पवार गुट के राकांपा ने लॉन्च किया पार्टी चिह्न- राकांपा शरदचंद्र पवार के नेता महेश तापसे ने बताया, पार्टी का नया चिह्न शरद पवार की उपस्थिति में रायगढ़ के किले में लॉन्च किया गया है। पार्टी का नया चिह्न तुरुही बजाता हुआ व्यक्ति है। महाराष्ट्र में शरद पवार की तुतरी बजते ही विरोधियों के दिलों में डर पैदा हो जाएगा। राकांपा शरदचंद्र पवार के नए चुनाव चिह्न पर पार्टी के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के नेता रोहित पवार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जनता शरद पवार को लेकर बहुत भावुक हैं। उन्होंने कहा, साल 1999 में जब राकांपा का गठन हुआ था, तब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नहीं था। लेकिन जनता ने उस चुनाव में शरद पवार को याद रखा था। अब हमारे पास सोशल मीडिया और पार्टी कार्यकर्ता भी हैं और पिछले छह महीनों में जनता शरद पवार को लेकर बहुत भावुक हुई है। जनता उनका समर्थन करेंगी। आगामी चुनाव को लेकर हमें कोई परेशानी नहीं है। दरअसल, अजित पवार की बगावत के बाद असली पार्टी का फैसला उनके पक्ष में किया गया था, जिसके चलते शरद गुट को नया चुनाव निशान देना पड़ा है। नया चुनाव चिह्न मिलने पर एनसीपी शरदचंद्र पवार ने कहा था कि ये हमारे लिए गर्व की बात है। बता दें कि 6 फरवरी को चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट को असली एनसीपी करार दिया था। चुनाव आयोग ने पार्टी का नाम और चिह्न घड़ी अजित पवार गुट को सौंप दिया था।



# भारत की तरक्की देख हैरान हुईं ब्रिटेन की डिप्टी पीएम पद की दावेदार, बोलीं- महिला सशक्तिकरण से आया बदलाव

एंजेला रेनर ने कहा कि मैं पहली बार भारत साल 2007 में आई थी और तब से अब तक भारत में काफी बदलाव आ गया है और भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।


ब्रिटेन की लेबर पार्टी की नेता और डिप्टी पीएम पद की दावेदार एंजेला रेनर भारत की तरक्की से काफी प्रभावित हैं। शनिवार को वे रायसीना डायलॉग सम्मेलन के सत्र में शामिल हुईं। सत्र से अलग मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में काफी तरक्की की है और भारत की तरक्की में महिला सशक्तिकरण की अहम भूमिका है।



एंजेला रेनर ने कहा कि वह चाहती हैं कि ब्रिटेन और भारत के संबंध मजबूत होने चाहिए और दोनों देशों को व्यापार समझौते पर आगे बढ़ना चाहिए। भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए बनीं नीतियां- एंजेला रेनर ने कहा कि मैं पहली बार भारत साल 2007 में आई थी और तब से अब तक भारत में काफी बदलाव आ गया है और भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ये दिखाता है कि भारत ने कमाल की प्रगति की है। रेनर ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनसे महिलाओं की भूमिका को न सिर्फ समाज में बल्कि अर्थव्यवस्था में भी पहचान मिली है। रेनर ने कहा कि अगर आपको आर्थिक रूप से मजबूत होना है तो महिलाओं को सशक्त करना होगा। लेबर पार्टी की नेता ने कहा कि ऐसे कानून बनाने की जरूरत हैं, जिससे महिलाओं को बढ़ावा मिल सके और कार्यस्थल, समाज और सत्ता के अन्य पदों पर उनकी सुरक्षा भी हो सके। एंजेला रेनर ने कहा कि हम ब्रिटेन में ऐसा ही कर रहे हैं। हमारे यहां ऐसे कानून हैं, जो महिलाओं को सुरक्षा देते हैं, उन्हें सशक्त करते हैं। हम ये सुनिश्चित भी करते हैं कि ये कानून ठीक से लागू भी हो। एंजेला रेनर ने कहा कि मैं जानती हूं कि भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं पीएचडी कर रही हैं। अर्थव्यवस्था के लिहाज से ये बेहद अहम है। रेनर ने कहा कि भारत और ब्रिटेन को संबंध मजबूत करने चाहिए ताकि दोनों देशों का इसका फायदा मिले। ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोगों के योगदान की भी एंजेल रेनर ने तारीफ की और कहा कि ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोग करीब एक लाख लोगों को रोजगार देते हैं।

# विद्युत वितरण केन्द्र त्योंथर,चाकघाट, रायपुर सोनीरी, कटरा, लालगांव, अतरैला एवं जवा में अत्यावश्यक समाधान आपके द्वार का आयोजित होगा शिविर

क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश तिवारी




रीवा एमपी- जवा/ कार्यपालक अध्यक्ष म०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार समाधान आपके द्वार अन्तर्गत न्यायालय में दर्ज उपभोक्ताओं के प्रकरणों का अधिक से अधिक से निराकरण कराये जाने के उद्देश्य से उन्हें सजग करने, लोक अदालत के दौरान उत्पन्न होने वाली विषंगतियों को दूर करने सहित अधिक से अधिक बकाया राशि जमा कराकर समाधान आपके द्वार को शत-प्रतिशत सफल बनाये जाने के उद्देश्य से दिनांक 24/2/2022 को विद्युत वितरण केन्द्र त्योंथर,चाकघाट, रायपुर सोनीरी, कटरा, लालगांव, अतरैला एवं जवा के वितरण केन्द्र मुख्यालयों में शिविर का आयोजन किया जाना है शिविर में सभी प्रकार के जैसे- एनएससी, बिल सुधार, भार सुधार, नाम परिवर्तन आदि आवेदन भी रिसीव करते हुये एक रजिस्टर में इन्द्राज/पंजीकृत करना है।

जिसमे सभी कनिष्ठ अभियंता को निर्देशित करते हुये सलाह दी गयी है कि आगामी माह में आहूत लोक अदालत में अधिक से प्रकरण निराकरण कराये जाने की मंशा से दिनांक 24/2/2024 दिन शनिवार को उपस्थित रहते हुये वितरण केन्द्र मुख्यालय में समाधान आपके द्वार की थीम पर शिविर का आयोजन करें, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित करते हुये प्रकरणों में खात्मा/समझौता कराया जा सके।

# रविदास जयंती पर सौभा यात्रा



क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली- रविदास जयंती पर सौभा यात्रा का आयोजन शामली रविदास कमेटी द्वारा किया गया। सुबह रविदास मंदिर पर हवन- यज्ञ किया गया जिसमें सभी ने सामूहिक रूप से आहुति दी। इसके बाद गुरु रविदास की आरती उतार कर पूजा अर्चना की गई । बैंड बाजो के साथ गुरु रविदास की शोभायात्रा रथ पर विराजमान गुरु रविदास की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। धार्मिक धुन पर युवक नृत्य कर रहे थे पुलिस बाल शोभा यात्रा के आगे पीछे चल रहा था

उत्सव की सौभा यात्रा शामली के मुख्य मार्गों से बैंड, ढ़ोल तथा कमेटी के सदस्य द्वारा नृत्य करते हुए निकाली गई। सौभा यात्रा का शामली में भव्य स्वागत किया गया तथा जगह-जगह लोगों ने जल पान तथा प्रसाद ग्रहण किया तथा बाबा रविदास जी के दर्शन कर धर्म लाभ उठाया । ।

# नगर पंचायत मझोला में आतंक मचा रहे बन्दर और आवारा पशुओं की समस्या को लेकर व्यापार मंडल ने DM को ज्ञापन देकर की निस्तारण की मांग की

क्यूँ न लिखूँ सच
सुमित गुप्ता



पीलीभीत- नगर पंचायत मझोला में आवारा पशुओं और बढ़ते बन्दरों की समस्या को लेकर मझोला व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय गोयल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी पीलीभीत संजय सिंह को ज्ञापन देकर समस्या के निस्तारण के आग्रह किया वहीं नगर में गत कुछ समय से कुछ दुकानदारों द्वारा शासन द्वारा निर्धारित साप्ताहिक बन्दी का पालन ना करने से उत्पन्न समस्या के विषय मे भी चर्चा की। पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने जिलाधिकारी को बताया कि नगर में बन्दरों ने जबरदस्त उत्पात मचाया हुआ है और कई बार बन्दरों के झुंड ने लोगों पर हमला कर उनको लहूलुहान भी कर दिया है।

आलम ये है कि लोग गलियों से अकेले निकलने में डरने लगे हैं। बच्चों को तो इनसे विशेष खतरा रहता है। वहीं नगर में घूम रहे आवारा सांड आदि पशुओ के कारण अनेक बार मार्ग दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और कई लोग गम्भीर रूप से जख्मी हुए हैं तो कुछ लोगों की जान तक जा चुकी है। नगर पंचायत को भी ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया गया था पर अभी तक कोई कार्यवाही ना होने के चलते उन तक समस्या पहुंचानी पड़ी। नगर महामंत्री सलीम इदरीसी ने कहा कि नगर में पूर्व जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित साप्ताहिक बन्दी शुक्रवार को भी कई दुकानदारों द्वारा उसका उल्लंघन किया जाता है जिससे साप्ताहिक बन्दी का उद्देश्य विफल हो जाता है। उन्होंने इसे कड़ाई से लागू किये जाने का आग्रह किया। नगर उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद गोले में नगर में कई बार अचानक से होने वाली विद्युत कटौती और अल सुबह बिजली चेकिंग के नाम पर विद्युत उपभोक्ताओं के उत्पीड़न का मामला उठाया। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गहनता से सुनते हुए मौके पर ही सभी सम्बन्धित विभागों को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया और शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु वे पूर्णतया प्रतिबद्ध और समर्पित हैं और उनके दरवाजे आम जनता के लिए हर समय खुले हुए हैं। प्रतिनिधि मंडल में नगर अध्यक्ष अजय गोयल नगर महामंत्री सलीम इदरीसी, जिला युवा अधिक शैली शर्मा, लघु उद्योग रेहड़ी पटरी जिलाध्यक्ष नन्द किशोर कश्यप, नगर उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद गोले जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष तुषार अग्रवाल समेत कई पदाधिकारी गण सम्मिलित थे

# जनपद के प्रत्येक थाना पर हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन




क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-डीएम एटा प्रेम रंजन सिंह व एसएसपी एटा राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना रिजौर पर उपस्थित रहकर जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण हो व जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित किया जाए। साथ ही थाने का निरीक्षण कर थाना परिसर में बने क्वार्टर, भोजनालय एवं बैरिकों आदि का भ्रमण किया गया, जिसमें भोजनालय के निरीक्षण के दौरान साफ सफाई एवं भोजन उच्चकोटि का पाए जाने पर संबंधित की सराहना की। थाना परिसर में साफ-सफाई अच्छी पायी गयी। बैरिकों में साफ-सफाई पर और ध्यान देने के लिए कहा गया।

# जैथरा से गंगा स्नान कराने गया ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलटा

- हादसे में 20 के मरने की सूचना
- 45 लोग ट्रैक्टर पर सवार थे

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा




